हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 24 जून 2026

तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

14 गोकलगढ़ में एसडीएम ने किया निर्माणाधीन बांध का मुआयना



14 भगवान के नाम का कीर्तन ही मोक्ष का सरल साधन



# जमीन खरीद-फरोख्त धोखाधड़ी में बड़ी कार्रवाई: दो और गिरफ्तार, अब तक 10 काबू

- असली मालिक के नाम पर फर्जी आधार व पैन कार्ड बनाकर खुद को 'विजय मित्तल' बताने वाला मुख्य जालसाज चंडीगढ़ से काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जमीनी धोखाधड़ी के मामले में पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े धोखाधड़ी मामले में दो और शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चंडीगढ़ के अश्वनी व उसके दोस्त गुरप्रीत उर्फ पम्मा के रूप में हुई है। आरोपी गुरप्रीत एक शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ पहले से ही हत्या और हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं।



## फर्जी दस्तावेज से असली मालिक बनने का खेल

आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि इस पूरे खेल का मुख्य मोहरा आरोपी अश्वनी था। उसने जमीन के असली मालिक विजय मित्तल के नाम पर फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड और अन्य जाली दस्तावेज तैयार करवाए थे। इन नकली कागजातों के दम पर अश्वनी खुद 'फर्जी विजय मित्तल' बनकर घूम रहा था ताकि करोड़ों की जमीन को ठिकाने लगाया जा सके। इस पूरी साजिश में उसका साथ मोहाली के उसके दोस्त गुरप्रीत उर्फ पम्मा ने दिया। आरोपी गुरप्रीत एक शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ पहले से ही हत्या और हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। इस जमीन घोटाले में जालसाजी की रकम से गुरप्रीत ने अपने हिस्से के पैसे भी लिए थे। बता दें कि शिकायतकर्ता विजय मित्तल निवासी सेक्टर 27बी ने 5 दिसंबर 2025 को थाना अंबाला शहर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 9 मई 2025 से 30 जुलाई 2025 के बीच आरोपी गुरजीत सिंह और उसके साथियों ने शिकायतकर्ता की करीब 12 बीघे 8 बिस्वा जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। असली मालिक को भनक लगे बिना उसे आगे बेचकर भारी-भरकम रकम की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आर्थिक अपराध शाखा के सहायक उप निरीक्षक जयपाल सिंह और उनकी टीम ने इस मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस अब तक आरोपियों के कब्जे से करीब 10 लाख रुपये की नकदी और कई जाली कागजात बरामद कर चुकी है। निरीक्षक परमवीर सिंह ने स्पष्ट किया कि मामले की जांच अभी पूरी गहराई से चल रही है। इस धोखाधड़ी के नेटवर्क में शामिल किसी भी अन्य व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही अन्य संलिप्त चेहरों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पहले धोके से जमीन नाम करवाई फिर लौटाने से किया इनकार

- मुख्य आरोपियों व दो नंबरदारों के साथ तहसील के रजिस्ट्री क्लर्क के खिलाफ साजिशन धोखाधड़ी का केस दर्ज, पंचायती में ठगी की बात स्वीकारी लेकिन जमीन लौटाने से किया मना

शहजादपुर। भोले-भाले ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी कर उनकी कीमती जमीन हड़पने और फिर उसे वापस करने के एवज में 40 लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मुख्य आरोपी संदीप गोयल, उसके पिता मामचंद, दो नंबरदारों और रजिस्ट्री क्लर्क समेत अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो आरोपियों के खिलाफ जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को दी शिकायत में गांव कक्कड़ माजरा के रहने वाले बलराम, सचिन और उनकी मां अंगूरी देवी ने बताया कि अक्तूबर 2025 में आरोपी संदीप गोयल उनके पास आया था। उसने झांसा दिया कि उनकी दादी के नाम वाली 'बागवाला रोड' की जमीन राजस्व अधिकारियों से मिलकर उनके नाम करवा देगा जिसके बदले वे वह जमीन उसे 34.50 लाख रुपये में बेच दें। पीड़ितों ने गोयल को उसकी बात पर विचार करने की बात कही। परिवादियों ने बताया कि नवंबर 2025 में संदीप ने दोबारा आकर कहा कि काम पूरा हो चुका है। अब रजिस्ट्री करानी होगी। 16 दिसंबर 2025 को आरोपी उन्हें शहजादपुर तहसील ले गया। यहां नंबरदार अजैब सिंह और मेहर चंद ने भी संदीप की बातों का समर्थन किया। आरोपियों ने मिलीभगत कर पीड़ितों को अंधेरे में रखा और जल्दबाजी का बहाना बनाकर 'बागवाला रोड' की जगह उनकी कक्कड़ माजरा नेशनल हाईवे पर स्थित मुख्य मलकीयती भूमि की रजिस्ट्री धोखे से संदीप गोयल के नाम करवा ली।शिकायत के अनुसार मार्च 2026 में समाचार पत्रों के जरिए पीड़ितों को पता चला कि संदीप गोयल और उसका भाई गौरव गोयल एक शातिर गिरोह चलाते हैं। वे लोगों की जमीनें फर्जीवाड़े से हड़पता है। जब पीड़ितों ने पटवारी से अपना रिकॉर्ड चेक करवाया तो पता चला कि उनकी नेशनल हाईवे वाली कीमती जमीन आरोपी अपने नाम करवा चुका है। इस धोखेबाजी को लेकर गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत के सामने आरोपी संदीप गोयल ने अपनी गलती स्वीकार की। जमीन वापस लौटाने का वादा किया लेकिन इसके लिए उसने एक नई शर्त रख दी। शिकायत में बताया कि आरोपी ने कहा कि इस काम में उसके करीब 40 लाख रुपये खर्च हुए हैं जो उसे वापस मिलने पर ही वह जमीन लौटाएगा। जमीन वापस पाने की उम्मीद में पीड़ितों ने 37.50 लाख रुपये संदीप के खाते में ट्रांसफर कर दिए। 2.50 लाख रुपये नकद उसके पिता मामचंद को सौंपे गए। लाखों रुपये ऐंठने के बावजूद आरोपियों ने जमीन वापस रजिस्ट्री करने में टालमटोल शुरू कर दी। बाद में साफ मना कर दिया। जब पीड़ितों ने कानूनी कार्रवाई की बात कही तो आरोपियों ने अपने राजनीतिक रसूख और वकील भाई का धौंस दिखाते हुए पीड़ितों और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

- वापिस लौटाने की एवज में हड़प लिए 40 लाख

## खबर संक्षेप

### अब रजिस्ट्री होने के बाद स्वतः दर्ज होगा इंतकाल

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ से ऑटो म्यूटेशन सिस्टम और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ कर दिया है। जिले में राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि लोगों को तय समय में ये सुविधाएं मिलें। सरकार द्वारा रजिस्ट्री होने पर स्वतः इंतकाल होने की नई पहल की है, जिससे आमजन को काफी लाभ होगा। इसी प्रकार से पेपरलेस रजिस्ट्री 2.0 में कई नए प्रावधान किए हैं। पिछले साल मुख्यमंत्री द्वारा कुरुक्षेत्र के बाबैन से शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री योजना में आमजन के सुझाव के बाद ये नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इसमें अब रजिस्ट्री के साथ इंतकाल को भी शामिल किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ऑटो म्यूटेशन सिस्टम और पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 दोनों सुविधाओं का शुभारंभ चंडीगढ़ से किया।

### दो भाइयों पर वार कर किया जान से मारने का प्रयास

**यमुनानगर।** शहर के कैंप क्षेत्र में एक युवक ने कहासुनी होने पर दो भाइयों के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उन्हें जान से करने का प्रयास किया। दोनों भाइयों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कैंप निवासी सुभाष ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले अमित के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। 21 जून को रात साढ़े आठ बजे वह अपने भाई सुशील के साथ कैंप बाजार में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी अमित ने उन दोनों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

### लिफ्ट के बहाने व्यक्ति की जेब से निकाले 22 हजार

**यमुनानगर।** रादौर के जाट नगर में घर वापस आने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे व्यक्ति को लिफ्ट देने के बहाने दो युवकों ने उसकी जेब से 22 हजार दो सौ रुपये निकाल लिए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव गोलनी निवासी पंडित राजेश्वर ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 जून को वह अपने घर से रादौर 22 हजार दो सौ रुपये लेकर अपने साहूकार वीरेंद्र कुमार को देने गया था। वीरेंद्र कुमार किसी कारण से उसे नहीं मिला। जिस कारण वह अपने गांव वापस आने के लिए जाट नगर के पास खड़ा था। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। वह खेड़ी लक्खा सिंह की तरफ जा रहे थे। आरोपियों ने उसे खड़ा देखकर बाइक उसके पास रोक ली और उसे लिफ्ट देने के बहाने अपने साथ बीच में बिठा लिया।

## जांच पूरी होने तक नहीं हो सकेगा बहाल : कृष्ण लाल पंवार

# दी किरमच को-ऑपरेटिव सोसायटी के मैनेजर को दोबारा सस्पेंड करने के आदेश

*लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दिए सख्त निर्देश, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 11 में से 6 मामलों का किया गया निपटारा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दी किरमच को-ऑपरेटिव सोसायटी के मैनेजर को दोबारा से सस्पेंड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डीआर को निर्देश दिए कि जब तक जांच पूरी नहीं होती तब तक मैनेजर को बहाल नहीं किया जाए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गांव किरमच निवासी राजेश शर्मा की शिकायत पर सुनवाई के दौरान पता चला कि सस्पेंड मैनेजर को दोबारा से बहाल कर दिया, जबकि अभी जांच चल रही है। दूसरी शिकायत पर अंसल सुशांत सिटी के कॉलोनाइजर के खिलाफ केस दर्ज करने और हर मद की विस्तृत रूप से जांच के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य मामले में पुलिस को खाद्य आपूर्ति एवं नागरिक विभाग के सस्पेंड दो इंस्पेक्टरों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार मंगलवार को नये लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एजेंडा के 11 मामलों में से 6 का मौके पर ही निपटारा किया गया, बाकि बचे हुए 5 मामलों को निपटाने के लिए कमेटियों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सख्त निर्देश दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बैठक में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने डीआर को निर्देश दिए कि जिन को-ऑपरेटिव सोसायटियों में गलत तरीके से नौकरी पर लगाने की शिकायतें आई हैं, गलत लगे हुए उन सभी को हटाया जाए। यदि कोई हटाने के बाद भी काम कर रहा है तो वहां के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। दी किरमच को-ऑपरेटिव सोसायटी के मामले की उचित जांच की जाए। उन्होंने शास्त्री कॉलोनी वार्ड नंबर 4 के नागरिकों की शिकायत, सफाई कर्मचारियों की पेमेंट की शिकायत, गांव बिलौना निवासी हर्ष बावा और गांव बारवा निवासी ओम प्रकाश की शिकायत की सुनवाई करते हुए मामले का निपटारा किया गया। बैठक में थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद विधायक रामकरण, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम शंभू राठी, जिला परिषद सीईओ वीरेंद्र चौधरी, चेयरमैन रविंद्र सांगवान सहित लोक संपर्क व कष्ट निवारण समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में शिकायतों का समाधान करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### अंसल सुशांत सिटी के कॉलोनाइजर पर दर्ज होगा केस, हर मद की विस्तृत रूप से जांच के निर्देश

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अंसल सुशांत सिटी के नागरिकों की शिकायत सुनने और एसडीएम अमन कुमार द्वारा कमेटी की जांच के बाद रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। इस रिपोर्ट और शिकायतकर्ता को सुनने के बाद कहा कि कॉलोनाइजर की काफी कमियां और खामियां सामने आई हैं, जिस कारण से कॉलोनी के नागरिकों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा। ऐसे कॉलोनाइजर के खिलाफ जल्दी केस दर्ज किया जाए और हर मद की विस्तार से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि टाउन प्लानिंग विभाग के डायरेक्टर को लिखित में कॉलोनी के कामों की सिफारिश की जाएगी। इसके अलावा एचएसवीपी और जनस्वास्थ्य विभाग कमेटी बनाकर कॉलोनी के नागरिकों को पानी व निकासी की सुविधा जल्द से जल्द मुहैया करवाए। कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम अमन कुमार व कमेटी द्वारा गठित रिपोर्ट के आधार पर कॉलोनी में 14 करोड़ रुपए के कार्यों को डीटीपी मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं।

### खाद्य आपूर्ति एवं नागरिक विभाग के सस्पेंड दो इंस्पेक्टरों को जल्द काबू करे पुलिस

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने महावीर कॉलोनी लाडवा निवासी सोनू नारंग की शिकायत पर खाद्य आपूर्ति एवं नागरिक विभाग के सस्पेंड दो इंस्पेक्टरों को जल्द से जल्द ही पुलिस गिरफ्तार करे। दोनों इंस्पेक्टरों की हाईकोर्ट से बेल रिजेक्ट हो चुकी है। पिछली बैठक में दोनों इंस्पेक्टरों को शामिल जांच करने के निर्देश दिए गए थे, तब कोर्ट में बेल को लेकर मामला चला हुआ था।

### 15 दिन में पैसे देने पर हो कानूनी कार्रवाई

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत निवासी राजपाल खुराना की शिकायत पर पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि दोनों पार्टियों यदि 15 दिनों में पैसे के मामले को ना निपटाए तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। अन्य मामले में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग को वेंडर की पेमेंट के लिए लिखा जाए और इसको फालो करने के लिए रिमांडर भी दिया जाए, ताकि वेंडर की पेमेंट हो।

## अवैध हथियारों के साथ लूट की फिराक में घूम रहे तीन पकड़े



यमुनानगर। सीआईए टू पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी युवक।

- पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

सीआईए टू पुलिस टीम ने अवैध हथियारों के साथ लूट करने की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुपारी लेकर मारपीट करने का काम करते थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यमुनानगर आशीष चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला पुलिस को अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए टू की टीम ने अवैध हथियारों के साथ लूट करने की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि टीम के इंचार्ज राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कैल बाईपास के पास नए निमार्णाधीन पोंटा साहब हाईवे पर स्विफ्ट कार में तीन आरोपी वारदात की फिराक में घूम रहे है। इस सूचना के आधार पर एएसआई सुनील, योगेश, संजय, कृष्ण कुमार, संजीव, मनोज कुमार की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर स्विफ्ट कार सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से एक देशी पिस्टल व चार जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान जठलाना निवासी अनीश उर्फ पम्मा, नफीस उर्फ चिता व इकराम उर्फ गुल्लू के नाम से हुई। तीनों आपस में दोस्त है और वारदात की फिराक में घूमते हुए टीम ने हथियारों सहित गिरफ्तार किया है।

## नेपाली युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**यमुनानगर।** शहर के रामपुरा क्षेत्र में एक 18 वर्षीय नेपाली युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव उसके किराए के मकान में कमरे के अंदर चुन्नी के सहारे लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान रमेश धामी (18) पुत्र चंद्र धामी निवासी नेपाल के रूप में हुई है। वह पिछले करीब तीन वर्षों से रामपुरा में अपने भाई-भाभी और उनके बच्चों के साथ किराए के मकान में रह रहा था तथा एक कार वॉशिंग सेंटर पर काम करता था। जानकारी के अनुसार सुबह रमेश उठकर नहाया और खाना खाने के बाद घर पर ही रुक गया, जबकि उसका भाई और भाभी काम पर चले गए। उस समय घर में रमेश के साथ केवल उसका भतीजा और भतीजी मौजूद थे। इसी दौरान रमेश ने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद उसके भतीजे ने रमेश को फंदे पर लटका देखा और शोर मचा दिया। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

## 40 टीमें गठित, पीडीएस-2 पोर्टल पर अपलोड होगी रिपोर्ट

# करनाल की 237 राइस मिलों की जांच, रिपोर्ट होगी ऑनलाइन अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

हरियाणा में धान और कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) से जुड़े मामलों के बाद सरकार ने राइस मिलों की निगरानी व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। अब मिलों को दिए गए धान और सरकारी एजेंसियों को लौटाए जाने वाले चावल के स्टॉक का मिलान पीडीएस-2 प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश की करीब 1200 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

करनाल जिले में 237 राइस मिलों के सत्यापन के लिए 40 जांच टीमों का गठन किया गया है। पहले जिले में केवल छह टीमें कार्यरत थीं, लेकिन मिलों की अधिक संख्या को देखते हुए टीमों की संख्या बढ़ाई गई है। प्रत्येक टीम में अब दो अधिकारी होंगे, जो अलग-अलग मिलों में जाकर स्टॉक का सत्यापन करेंगे।

जांच के दौरान प्राप्त प्रत्येक आंकड़े को मौके पर ही पीडीएस-2 पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। इससे रिकॉर्ड में गड़बड़ी या फेरबदल की संभावनाओं पर अंकुश लगेगा और पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी।

### दो विभागों के अधिकारी करेंगे स्वतंत्र जांच

नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक टीम में एक अधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड या स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन से तथा दूसरा अधिकारी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से होगा। दोनों अधिकारी स्वतंत्र रूप से स्टॉक का सत्यापन करेंगे और अपनी-अपनी रिपोर्ट अलग-अलग पोर्टल पर अपलोड करेंगे। यदि दोनों रिपोर्टों में अंतर पाया जाता है तो संबंधित राइस मिल के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू की जाएगी। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए अधिकारियों को उनके गृह जिलों में तैनाती नहीं दी गई है। सभी अधिकारियों को दूसरे जिलों में भेजा गया है ताकि स्थानीय प्रभाव या हितों के टकराव की संभावना समाप्त हो सके।



### तय लक्ष्य से पीछे सीएमआर जमा

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार राइस मिलों को दिए गए धान के बदले करीब नौ लाख मीट्रिक टन चावल जमा होना था। तय कार्यक्रम के अनुसार इस समय तक 67 प्रतिशत सीएमआर जमा होना चाहिए था, लेकिन अब तक केवल 62 प्रतिशत चावल ही सरकारी एजेंसियों के पास पहुंचा है। यह अंतर सरकार की चिंता का विषय बना हुआ है। इसी बीच दो राइस मिलों से करीब 36 हजार क्विंटल धान गायब होने का मामला भी सामने आया है, जिसके बाद निगरानी व्यवस्था को और कड़ा किया गया है।

### गड़बड़ी मिलने पर होगी विभागीय व कानूनी कार्रवाई

नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक राइस मिल का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इसमें मिल को दिया गया धान, तैयार किया गया चावल, सरकारी एजेंसियों को लौटाया गया स्टॉक तथा मौके पर मौजूद भौतिक स्टॉक का मिलान किया जाएगा। किसी भी प्रकार का अंतर पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीएफएससी मुकेश कुमार ने बताया कि सत्यापन के दौरान यदि किसी मिल में स्टॉक कम मिलता है, रिकॉर्ड में गड़बड़ी पाई जाती है या सीएमआर जमा करने में अनियमितता सामने आती है तो संबंधित मिल संचालक के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिन मिलों का कार्य संतोषजनक पाया जाएगा, उन्हें नियमानुसार राहत देने पर भी विचार किया जा सकता है।

### सड़क सुरक्षा पर पानीपत प्रशासन सख्त

**पानीपत।** जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति (सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी) की बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, दुर्घटना नियंत्रण, स्कूल वाहनों की सुरक्षा, मानसून तैयारियों तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अप्रैल एवं मई के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं, मृत्यु एवं घायल व्यक्तियों के आंकड़ों की समीक्षा की गई। बैठक में विधायक प्रमोद विज ने खादी आश्रम से ड्रेन नंबर-1 तक प्रस्तावित ड्रेन लाइन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

- खादी आश्रम से ड्रेन वन के लाइन निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश

# रजिस्ट्री के साथ स्वतः जुड़ेगा इंतकाल पारदर्शिता और तेजी आएगी : डीसी

■ पेपरलेस रजिस्ट्री के दूसरे चरण और ऑटो इंतकाल प्रणाली से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा चंडीगढ़ में पेपरलेस रजिस्ट्री के दूसरे चरण तथा ऑटो इंतकाल प्रणाली की शुरुआत किए जाने के बाद अब प्रदेश में भूमि संबंधी प्रक्रियाएं और अधिक सरल एवं पारदर्शी हो जाएंगी। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने दी।



करनाल। पेपरलेस रजिस्ट्री एवं ऑटो इंतकाल प्रणाली की जानकारी देते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

उन्होंने बताया कि 29 सितंबर 2025 को लाडवा तहसील से शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था को 1 नवंबर 2025 से पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया था। अब इसके दूसरे चरण में रजिस्ट्री और इंतकाल की प्रक्रियाओं को एक-दूसरे से जोड़ दिया गया है। डीसी ने बताया कि रजिस्ट्री आवेदन प्रक्रिया को अधिक सरल और उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया गया है। नागरिक स्वयं, डीड राइटर, अधिवक्ता अथवा हेल्प डेस्क के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। पहचान की शत-प्रतिशत पुष्टि के लिए क्रेता और विक्रेता दोनों के लिए आधार ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है। डीटीपी और एनओसी से संबंधित सत्यापन भी अब पूरी तरह ऑनलाइन और सिस्टम आधारित होगा। नई व्यवस्था में भूमि की प्राइम और नॉन-प्राइम श्रेणी की जानकारी स्वतः उपलब्ध होगी। साथ ही डिजिटल हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से पूरी प्रक्रिया संचालित की जाएगी तथा मामलों का निपटारा अधिकतम तीन अवसरों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। पायलट परियोजना के दौरान लगभग 50 हजार इंतकाल स्वतः दर्ज किए जा चुके हैं और जिले में शेष लंबित मामलों का भी शीघ्र समाधान

### ऑटो इंतकाल से 24 घंटे में होगा निपटान

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जिन मामलों में खेवट विभाजन की आवश्यकता नहीं होगी, उनमें 24 घंटे के भीतर इंतकाल मंजूर हो जाएगा। जिन मामलों में विभाजन आवश्यक होगा, उनमें अधिकतम 10 दिनों के भीतर प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। नागरिक अपने इंतकाल की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे तथा उसकी प्रति डाउनलोड भी कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन पर बढ़ेंगी सुविधाएं : जगमोहन

करनाल। करनाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार और आवश्यक ट्रेनों के ठहराव को लेकर प्रयास तेज हो गए हैं। विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर करनाल की जनता की मांगों से अवगत कराया गया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्थित आवास पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री भी मौजूद रहे। बैठक में करनाल रेलवे स्टेशन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इनमें प्रमुख रेलगाड़ियों के करनाल में ठहराव, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए लिफ्ट की व्यवस्था तथा यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के मुद्दे शामिल रहे।

### श्याम निशान यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



करनाल। श्री खाटू श्याम मंदिर, पुरानी अनाज मंडी के चौथे स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने भाग लिया। मंदिर में श्याम बाबा के समक्ष निशान पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने हाथों में श्याम ध्वज लेकर यात्रा का शुभारंभ किया। बैंड-बाजों के साथ निकाली गई यात्रा में श्रद्धालु नाचते-गाते हुए श्याम पालकी के साथ चलते रहे। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर बाबा और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। महिला श्रद्धालुओं ने भी भक्ति रस में झूमते हुए यात्रा की शोभा बढ़ाई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी जय श्री श्याम के जयकारे लगाते नजर आए। निशान यात्रा नावल्टी रोड, कर्ण गेट, ओल्ड जीटी रोड और बांसो गेट से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान श्याम बाबा रथ पर विराजमान रहे। श्रद्धालुओं ने आरती कर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की।

### निर्जला एकादशी पर छबील व भंडारा लगेगा

तरावड़ी। निर्जला एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर तरावड़ी में सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। 25 एवं 26 जून को नगरपालिका रोड पर दो दिवसीय विशाल ठंडे पानी की छबील एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं आमजन को राहत प्रदान करना तथा समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। समाजसेवी शुनीष राणा, मुनीष परवेज राणा एवं विपिन छाबड़ा ने बताया कि निर्जला एकादशी हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है। इस दिन जल सेवा और अन्नदान को अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा दो दिनों तक निरंतर ठंडे पानी की छबील लगाई जाएगी तथा आने-जाने वाले लोगों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी।

# आईआईटी रोपड़ और एसआईईटी नीलोखेड़ी के बीच किया एमओयू

■ हर साल 30 विद्यार्थियों को मिलेगा नवाचार और अनुसंधान से जुड़ने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। एमओयू हस्ताक्षर के बाद उपस्थित अधिकारी एवं शिक्षाविद।

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआईईटी) नीलोखेड़ी और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रोपड़ के बीच तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा।

समझौते के तहत संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, फैकल्टी विकास कार्यक्रम, छात्र इंटर्नशिप, तकनीकी कार्यशालाएं, विशेषज्ञ व्याख्यान और ज्ञान-साझाकरण गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके माध्यम से एसआईईटी नीलोखेड़ी के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकों और उच्च स्तरीय अनुसंधान सुविधाओं का लाभ मिलेगा। एमओयू के तहत प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में प्रति शाखा अधिकतम पांच विद्यार्थियों का विनिमय किया जाएगा। इससे संस्थान के अंतिम वर्ष के लगभग 30 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष आईआईटी रोपड़ में नवाचार और शोध कार्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर के छात्र अधिकतम एक वर्ष तक अध्ययन अथवा शोध कर सकेंगे। इस समझौते को साकार करने में हरियाणा के शिक्षा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, महानिदेशक तकनीकी शिक्षा प्रभजोत सिंह, आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. (डॉ.) राजीव आहूजा, एसआईईटी नीलोखेड़ी के निदेशक-प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार रोज तथा प्रो. (डॉ.) सी.सी. रेड्डी की

# वैज्ञानिकों ने किया प्रगतिशील किसान के खेतों का दौरा

■ किसान डेयरी फार्म पर प्राकृतिक खेती के बारे मे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

खेत बचाओ अभियान के तहत तरावड़ी शहर की किसान डेयरी फार्म पर प्राकृतिक खेती के बारे मे जागरूक किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो तथा भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिकों ने ख़ेत बचाओ अभियान का आयोजन प्रसिद्ध साहीवाल गाय प्रजनन फार्म तरावड़ी में किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान रामसिंह चौधरी ने की। इस दौरान काफ़ी संख्या मे किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में किसानों को तीन वर्ष में एक बार मिट्टी एवं पानी की जाँच, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा दलहनी फसलों द्वारा प्राकृतिक नाइट्रोजन स्थिरीकरण के महत्व पर जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, देशी गायों की भूमिका और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया। डॉ. दिनेश यादव, प्रधान वैज्ञानिक ने प्रगतिशील किसान नरेश चौधरी, रामसिंह चौधरी व मार्किट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देशी पशुधन सुधार एवं संरक्षण के साथ-साथ प्राकृतिक खेती अपनाने में नेतृत्व प्रदर्शित किया है। उन्होंने मिश्रित फसल प्रणाली को टिकाऊ कृषि प्रबंधन के लिए आवश्यक बताया। डॉ. साकेत निरंजन प्रधान वैज्ञानिक ने कहा कि देशी गायें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने जोर दिया कि कृषि और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं।

# सुरों की महफिल में गूंजे सदाबहार गीत

■ विश्व संगीत दिवस पर कार्यक्रम में 29 गायकों ने दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह की करनाल शाखा द्वारा फूसगढ़ रोड स्थित एमडीडी बाल भवन में विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में संगीतमयी कार्यक्रम "एक शाम-सुरों के नाम" का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें मंडल के 29 गायकों ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़, एमडीडी बाल भवन के निदेशक पी.आर. नाथ, प्रधान परमिंदर पाल सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव वर्मा, संरक्षक जितेंद्र बंसल, प्रो. जोगेंद्र मदान, जिला प्रभारी पुनीत बजाज, गगनदीप ढींगरा और सुनील भटनागर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी बलजीत चावला ने बताया कि कार्यक्रम में करनाल, यमुनानगर, अंबाला, कैथल, नरवाना और लाडवा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी गायकी का प्रदर्शन किया। संजीव गोंदी, मोंटी राजा, विकास शर्मा, पूनम ठाकुर, ललित वर्मा और सुरेश कुमार की प्रस्तुतियों को विशेष सराहना मिली। वहीं एमडीडी बाल भवन की छात्राओं पिंकी, संगीता और याशिका ने भी अपने गीतों से खूब वाहवाही बटोरी।

अध्यक्षीय संबोधन में चंद्रमौलि गौड़ ने संगठन द्वारा विभिन्न शहरों में संचालित सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी।

# मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में सामाजिक मूल्य अहम : डा. त्यागी

■ सामूहिक गतिविधियों से बढ़ा आत्मविश्वास, सहयोग और सामाजिक जुड़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। प्रतिभागियों को संबोधित करतीं जिला उच्च शिक्षा अधिकारी सह-प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल के मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन शिविर के दूसरे दिन मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक मूल्यों और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं विषय पर विशेष चर्चा आयोजित की गई।

समूह चर्चा एवं सहकर्मी सहयोग गतिविधियों में प्रतिभागियों ने अनुभव साझा किए और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। इन गतिविधियों से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना, सहानुभूति और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा मिला। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र विकास का आधार है और यह जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच, स्वस्थ संवाद और सहयोग की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला उच्च शिक्षा अधिकारी-सह-प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनके मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भारतीय जनसंघ के संस्थापक को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया

# डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी प्रेरणास्त्रोत : चौहान

■ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नीलोखेड़ी/करनाल



करनाल। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान पर विचार व्यक्त करते निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान।

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार, त्याग और राष्ट्रहित में किए गए कार्य आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के विकास और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत बनाने में डॉ. मुखर्जी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। डॉ. चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे मिशन को पूरा किया गया है। डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी शिक्षाविद, कुशल प्रशासक और राष्ट्रवादी विचारधारा के सशक्त प्रवक्ता थे। उन्होंने देश की सांस्कृतिक अस्मिता, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनका संघर्ष भारतीय इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि /"एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे/" का नारा देकर उन्होंने तत्कालीन परमिट व्यवस्था का विरोध किया था और इसी आंदोलन के दौरान उनका निधन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद से सलाहकार गुरबिंदर सिंह, अंबाला से भारत सोपोरी, भिवानी से प्रीतम यादव, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं इंटर्न्स मनीषा, अर्पिता एवं तनिष्का, जनसंपर्क अधिकारी सौरभ अरोड़ा ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

करनाल। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सदर क्षेत्र के गांव जुड़ला में पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया। सहायक उप निरीक्षक जगमाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। टीम ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए गंभीर खतरा बनता है। अभियान के दौरान विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। उन्हें शिक्षा, खेलकूद और अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जुड़कर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज डायरी

### मक्के की खरीद शुरू नहीं हुई तो होगा आंदोलन

करनाल। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने प्रदेश में मक्के की सरकारी खरीद शुरू न होने पर नाराजगी जताते हुए सरकार से तत्काल खरीद व्यवस्था लागू करने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि किसानों को धान की जगह मक्का उगाने के लिए प्रेरित किया जाता है, लेकिन फसल तैयार होने पर खरीद की उचित व्यवस्था नहीं की जाती। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि सरकार ने मक्के का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया है, लेकिन मंडियों में सरकारी खरीद शुरू नहीं होने के कारण किसानों को अपनी उपज कम कीमत पर बेचनी पड़ रही है। इससे निजी व्यापारियों को लाभ और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं जिनके कारण किसानों को सरकारी खरीद का लाभ नहीं मिल पाता और उन्हें मंडियों के चक्कर काटने पड़ते हैं। उनका कहना है कि केवल एमएसपी बढ़ाने से किसानों को राहत नहीं मिलेगी, बल्कि सभी मंडियों में मक्के की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद की कानूनी गारंटी जरूरी है। बहादुर मैहला ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मक्के की सरकारी खरीद शुरू नहीं की और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो यूनियन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में 200 बच्चों का पंजीकरण



करनाल। बच्चों की प्रतिभा निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। 30 जून तक चलने वाले इस शिविर में अब तक लगभग 200 बच्चों ने पंजीकरण कराया है। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट, योग, नृत्य और अबेकस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आर्ट एंड क्राफ्ट की कक्षाएं मुकेश शर्मा, योगा क्लास गुंजन, नृत्य रायना तथा अबेकस का प्रशिक्षण गरिमा भारद्वाज दे रही हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लड़कियों एवं महिलाओं के लिए फैशन डिजाइनिंग और ब्यूटी केयर गतिविधियों को भी शामिल किया गया है, जिनमें महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। मंगलवार को आयोजित गतिविधियों में 155 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं व प्रशिक्षण सत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### शिविर में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश




करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वावधान में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। शिविर का नेतृत्व योग हेड दिनेश गुलाटी ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को नियमित योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। योग साधकों ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। इस अवसर पर मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। शिक्षकों, सदस्यों और साधकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। वक्ताओं ने समाज में योग के प्रचार-प्रसार और स्वस्थ भारत के निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में वीणा धीर, नीलम बटला, निधि गुप्ता, बरखा जिंदल, वीणा सेठ, वीना गोयल, शिवानी, संगीता, पूनम, कुसुम नीरज, राजीव, नवीन, नरेश चौधरी और मनोज कामरा सहित अनेक योग शिक्षक एवं साधक उपस्थित रहे।

### नए रोजगार मिशन का खेत मजदूरों ने किया विरोध

करनाल। हरियाणा खेत मजदूर यूनियन ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाए गए विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) बिल का विरोध करते हुए तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महासचिव जिले सिंह पाल ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण खेत मजदूरों को रोजगार की संवैधानिक गारंटी देने वाली महत्वपूर्ण योजना थी। उनके अनुसार इस योजना में 90 प्रतिशत बजट केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत बजट राज्य सरकारें वहन करती थीं, जबकि नए प्रस्तावित कानून में केंद्र सरकार को 60 प्रतिशत और राज्य सरकारों को 40 प्रतिशत व्यय वहन करना होगा। अधिकांश राज्य सरकारें पहले से आर्थिक संकट से जूझ रही हैं, ऐसे में अतिरिक्त वित्तीय भार योजना के प्रभावी संचालन में बाधा बन सकता है। यूनियन का कहना है कि नए कानून में 60 प्रतिशत राशि कृषि क्षेत्र में खर्च करने का प्रावधान है, जबकि कृषि क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध नहीं है। जिले सिंह पाल ने कहा कि खेती-किसानी के संकट, बढ़ती बेरोजगारी और आर्थिक असमानता के दौर में ग्रामीण रोजगार पर सरकारी निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ग्रामीण मजदूरों के हितों की अनदेखी करती है तो यूनियन राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। इस अवसर पर जिला प्रधान धर्मपाल सिरसी, जिला सचिव डॉ. जिले सिंह, जय नारायण, बलजीत पाल, माया, कर्म सिंह और रोशनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुरादगढ़ में 15 दिवसीय योग शिविर का आयोजन

इंद्री। गांव मुरादगढ़ में पतंजलि योग समिति की ओर से आयोजित 15 दिवसीय योग शिविर में योग साधकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पहुंचे योगाचार्य स्वामी संजय तथा भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी सोम अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान स्वामी संजय ने उपस्थित योग साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं व्यायाम करवाए तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग और प्राणायाम से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। उन्होंने विशेष रूप से कमर दर्द, घुटनों के दर्द तथा अन्य शारीरिक समस्याओं से राहत पाने के लिए किए जाने वाले योगाभ्यासों की बारीकियों से जानकारी दी। स्वामी संजय ने बताया कि गलत दिनचर्या और असंतुलित खान-पान के कारण आज बड़ी संख्या में लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। यदि नियमित रूप से योग, प्राणायाम और व्यायाम किया जाए तो अनेक रोगों से बचाव संभव है। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी सोम अरोड़ा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। योग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने भाग लिया। सभी योग साधकों ने नियमित रूप से योग करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। पतंजलि योग समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 15 दिवसीय यह शिविर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### करनाल की श्रीतारा बनीं मिस यूनिवर्स हरियाणा



करनाल। करनाल की प्रतिभाशाली युवती श्रीतारा पासरीचा ने 'मिस यूनिवर्स हरियाणा 2026' का खिताब जीतकर जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि केवल सौंदर्य प्रतियोगिता में मिली सफलता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संघर्ष और दृढ़ इच्छाशक्ति की मिसाल बनकर सामने आई है। प्रतियोगिता के अंतिम दौर से ठीक पहले गंभीर पीठ दर्द से परेशान होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और शानदार प्रदर्शन करते हुए ताज अपने नाम कर लिया। 'मिस यूनिवर्स हरियाणा 2026' का ताज जीतने के बाद अब श्रीतारा पासरीचा 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2026' प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने अपनी जीत उन सभी बेटियों को समर्पित की है जो चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का साहस रखती हैं।

**खबर संक्षेप**

### घर से जेवर व नगदी चोरी, मुकमा दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की सैनी कालोनी में महेश के घर से चोरों ने 1.60 लाख रूपये की नगदी व सोने और चांदी से बने जेवर चोरी कर लिए। महेश, अपने परिवार समेत पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बिहार गया था। इधर, महेश की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना में शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है। वहीं, पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की।

### सड़क हादसे में अज्ञात की मौत, जांच जारी

पानीपत। पानीपत के गांव सिवाह के पास पीर बाबा की मजार के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हुए युवक की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं, मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। दूसरी ओर, हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने राहगिर संतोष की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संतोष ने ही इस घटना की सूचना पुलिस को दी थी।

### प्रशासन ने गोचर भूमि से कब्जा हटवाया

इसराना। पानीपत के इसराना उपमंडल के गांव नौल्था में प्रशासन ने गोचर भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। इस कार्रवाई में दो एकड़ जमीन को मुक्त कराया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ब्लाक मतलौडा विशाल कुमार पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। यह भूमि पिछले 20 वर्षों से आरोपी सतवीर सिंह के कब्जे में थी, जिस पर वह खेती कर रहा था। नौल्था डुंगरान के सरपंच ने इस भूमि को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) को सौंपने के उद्देश्य से कब्जा मुक्त कराया है।

### पुलिस ने स्मैक के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने कौसर पुत्र अकबर निवासी गांव पत्थरगढ़ जिला पानीपत को 30 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी सुभाष ने बताया कि कौसर ने बताया कि यह स्मैक वह शामली, उत्तर प्रदेश से अज्ञात युवक से खरीद का लाया था। वहीं, कौसर पर थाना सनौल में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है और उसके साथियों को पकडने के लिए उसे कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### पुलिस ने बाइक के साथ चोर किया गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने सचिन उर्फ मिती पुत्र राजबीर निवासी गांव जलालपुर जिला पानीपत को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज राकेश ने बताया कि आरोपी सचिन ने बाइक अपने एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर चार मार्च को कुराड़ चौक के पास से चोरी करना स्वीकारा है। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सनौली में रामदर्शन पुत्र पत्तुलाल निवासी दुर्जनपुर कलां जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश हाल निवासी गांव नौल्था की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीए के खिलाड़ी छाए

**समालखा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा कराई गई बैडमिंटन प्रतियोगिता में गौतम बैडमिंटन एकेडमी समालखा के खिलाडिय़ों ने 21 मेडल जीते है। एकेडमी के डायरेक्टर भगवान दास गौतम व कोच संचालक सनी गौतम ने बताया कि अक्टूबर में होने वाली स्टेट प्रतियोगिता में गौतम एकेडमी के खिलाडी इतिहास लिखने जा रहे है। इस अवसर पर प्रवीण राठी, सुभाष शर्मा, दीपक कल्याण, मनोज कल्याण, विनोद गौतम उर्फ बोधी आदि उपस्थित रहे।

### जीएम रोडवेज को ज्ञापन सौंपा, बस चलाने की मांग

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिंगपुरा सिठाना के सरपंच स.सतनाम सिंह व समाजसेवी डा.राजकुमार जांगड़ा ने रोड़वेज जीएम को पत्र सौंपकर ईवी बस को गांव तक चलाने की मांग की है। वहीं जीएम ने उनको आश्वासन दिया की उच्च अधिकारियों से आदेश प्राप्त कर शीघ्र ही बस को गांव सिठाना तक भेजा जाएगा। गोपाल, डा.सुभाष, गजे सिंह, विपिन कुमार, संजीव पांडेय, सुरजीत सिंह, इरफान, मदन, गगन, राजन आदि रहे।

# अखंड भारत की प्रेरणा देता है डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन: डा. अर्चना गुप्ता

## गरीब, किसान, युवा और नारी के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए

पानीपत ग्रामीण विधानसभा के बूथ नंबर 222 पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत



पानीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता को पौधे भेंट करते भाजपाई।



पानीपत। सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत करते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

भाजपा ने मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रवादी विचारों और देश की एकता-अखंडता के संकल्प के लिए किए गए योगदान को स्मरण किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा के बूथ नंबर 222 पर कार्यकर्ताओं के साथ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर हरपाल ढांडा, मंडल अध्यक्ष गुरदेव, डा. राजबीर आर्य, पार्षद सर्वेश शर्मा

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान वैचारिक पुरुष थे, जिन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि 23 जून 1953 को डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर की अखंडता और राष्ट्रीय एकात्मता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

### दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी आज भी एक प्रकाश स्तंभ की तरह देशवासियों को दिशा दिखा रहे हैं। उनका जीवन हमें चुनौतियों और विपरीत परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने की प्रेरणा देता है। उनका राष्ट्रवादी चिंतन, अदम्य साहस और भारत की पूर्ण एकात्मता के लिए किया गया संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि डा. मुखर्जी का बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि भारत की अखंडता, एकात्मता और राष्ट्र गौरव के लिए समर्पित एक अमर प्रेरणा है। भाजपा ने मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर स्थापित की नई पहचान : गोपाल शर्मा

पानीपत। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल, पानीपत में भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं राजीव मल्होत्रा (डिप्टी एडवोकेट जनरल, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट एवं सह संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ हरियाणा), वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सैनी, चैतन्य अरोड़ा, कार्यक्रम के जिला संयोजक रोशन लाल महला, भाजपा नेत्री आशु नंदा, तमन्ना सेठी, दीपक जयेष्ठ, अमित शर्मा तथा सागर कुंडू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। इधर, मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व केवल एक देश नहीं बल्कि वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में देख रहा है। भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को पूरी दुनिया सम्मान की दृष्टि से देख रही है। जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

**राष्ट्रीय तीरंदाजी में छाए पानीपत के खिलाड़ी**



### दृष्टि ने गोल्ड, हर्षित ने सिल्वर व प्रियांशु ने जीता ब्रांज

**पानीपत।** उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित चतुर्थ आरजेके गोल्ड मेडल ओपन राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में पानीपत की एनवी आर्चरी अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का आयोजन हरिद्वार तीरंदाजी एसोसिएशन एवं आरजेके फाउंडेशन के सहयोग से किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों तीरंदाजों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एनवी आर्चरी अकादमी की खिलाड़ी दृष्टि ने अंडर-10 रिकर्व राउंड में गोल्ड, अंडर-15 कंपाउंड वर्ग में प्रियांशु ने कांस्य, अंडर-20 वर्ग में हर्षित ने रजत पदक जीतकर कर हरियाणा, पानीपत व एनवी अकादमी का नाम रोशन किया। इधर, पानीपत जिला तीरंदाजी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने दृष्टि, प्रियांशु, हर्षित आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हरियाणा का नाम रोशन करेंगे।



### जरूरतमंदों की चिकित्सा सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य

**पानीपत।** पानीपत के कच्चा कैंप के गुरूनानक पुरा स्थित सामुदायिक केंद्र में महादेव सेवा दल समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। वहीं, कैंप का शुभारंभ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व समाजसेवी नवीन भाटिया ने करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना हर समर्थ नागरिक का मानवीय कर्तव्य है। जरूरतमंद लोगों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन करना बहुत ही पुण्य कार्य है। उन्होंने कैंप के आयोजन के लिए महादेव सेवा दल समिति के पदाधिकारियों की जमकर प्रशांसा की और उन्हें भविष्य में भी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इधर, मेडिकल कैंप में डॉ.श्रद्धा बठला ने नागरिकों की दांतों की और डॉ मुकेश कौशिक ने आंखों की जांच की। जिन नागरिकों को रोग पाया गया उन्हें निशुल्क दवाइयां व चश्में भेंट किए गए। इस अवसर पर पार्षद सांची तनेजा, थानेदार पुराना औद्योगिक थाना के एसएचओ विनोद कुमार समेत बडी संख्या में गणमान्य व समाजसेवी नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल, नगर निगम में भ्रष्टाचार का बोलबाला : सिंह

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत



पानीपत। कांग्रेस नेता प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत कांग्रेस के जिला शहरी अध्यक्ष बलजीत सिंह व वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरिंदर बुल्ले शाह ने भाजपा की केंद्र सरकार पर युवाओं के साथ अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग की है। वहीं आज यहां कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में नीट पेपर लिक से परेशान 15 युवाओं द्वारा आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा उनके परिजनों को मुआवजा देने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की गई। उन्होंने, नगर निगम में विकास कार्यों के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त करते हुए हाली पार्क को तैयार कर जनता को समर्पित करने की मांग की। उन्होंने जीटी रोड को चौड़ा किए जाने में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ को भी खत्म किया जा रहा है, इससे दुर्घटनाएं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पहले तो भाजपा वोट चोरी करती थी पर अब चंदा चोरी भी करने लगी है। कांग्रेस नेताओं ने श्री राम मंदिर के चढ़ावे के चंदे को लेकर भी बीजेपी सरकारी सरकार को दोषी ठहराया। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

## हर किसान को मिले उर्वरक : डॉ हरीश

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में हैफेड, पैक्स एवं सहकारी क्षेत्र के माध्यम से यूरिया, डीएपी, एनपीके तथा अन्य फॉस्फेटिक उर्वरकों की न्यूनतम 60 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग, हाफेड, सहकारिता विभाग तथा इफको के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में हरियाणा सरकार एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी निर्देशों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त डॉ हरीश ने कहा कि किसानों को समय पर और समान रूप से खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसानों को यूरिया, डीएपी, एनपीके की कमी नहीं होनी चाहिए।

# अपराधियों से सख्ती से निपट रही पुलिस : एसपी

■ अपराध नियंत्रण व आमजन को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत



पानीपत। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों एवं चौकी इंचार्जों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा लेकर अपराध नियंत्रण, कानून एवं व्यवस्था और थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के कड़े दिशा निर्देश दिए। वहीं, अपराध गोष्ठी में एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, राजबीर सिंह, सुरेश सैनी, नरेंद्र सिंह, प्रणय कुमार, आत्माराम, मुकेश व सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी उपस्थित रहें। इधर, कप्तान सिंह ने बैठक के दौरान थानों में दर्ज मुकदमों की प्रगति, लंबित जांच, अपराध नियंत्रण की स्थिति तथा कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और आमजन को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता। वहीं, पुलिस अपने क्षेत्रों में सीसीटीवी कवरेज को बढावा दें।

## विकास योजनाओं को तेजी से पूरा करें अधिकारी : मंत्री कृष्ण

**पानीपत।** हरियाणा के पंचायत, विकास एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पवार ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर नव नियुक्त उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। जबकि एसपी भूपेंद्र सिंह ने मंत्री पंवार को जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी दी।

# खेत मजदूर यूनियन ने जिला सचिवालय पर किया प्रदर्शन

■ प्रदर्शनकारियों ने वीबी ग्राम जी मनरेगा में किए गए बदलाव को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज >> पानीपत



पानीपत। उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपते हुए वामपंथी।

भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने अपनी मांगों के समर्थन में मंगलवार को जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया। यूनियन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वीबी ग्राम जी को रद्द करने और मनरेगा को बहाल करने की मांग केंद्र सरकार से की। वहीं, यूनियन के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमण्डल ने उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम एक मांगपत्र दिया। बीकेएमयू के प्रदेश उपाध्यक्ष का.दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि वीबी ग्राम जी मनरेगा की जगह नहीं ले सकता। मनरेगा ग्रामीण मजदूरों को काम मांगने का अधिकार देता है। जबकि वी बी ग्राम जी के आने से यह अधिकार और ग्राम सभाओं की भूमिका को दरकिनार कर दिया जायेगा। इस अवसर पर यूनियन के जिला सचिव भूपेंद्र कश्यप, पवन सैनी, संजय कुमार, शीश राम तोमर, ओम प्रकाश कश्यप व धनपत सुताना आदि उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने एआईआर की समीक्षा की

**पानीपत।** पानीपत जिला में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान को और अधिक प्रभावी एवं गति प्रदान करने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश ने मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में संबंधित कई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वहीं, उन्होंने बताया कि पानीपत जिले में कुल 9 लाख 66 हजार 687 मतदाताओं के लिए गणना प्रपत्र वितरित किए जाने हैं। इनमें से 7 लाख 70 हजार 213 प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 79.68 प्रतिशत है। जिले में इस कार्य के लिए 912 बीएलओ तैनात किए गए हैं।



पानीपत। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नमन करते विधायक प्रमोद विज आदि। फोटो : हरिभूमि

### बलिदान दिवस पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन

**पानीपत।** राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महान राष्ट्रभक्त, प्रखर शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधायक प्रमोद विज ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं सहित श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के उनके संकल्प को दोहराया। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की पूर्ण एकता के लिए दिया गया उनका बलिदान आज भी प्रत्येक राष्ट्रभक्त को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श और राष्ट्रनिष्ठा हम सबका मार्गदर्शन करते रहेंगे। विधायक प्रमोद विज के साथ नगर निगम पार्षद अनिल मदान, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सोनी, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित पंडित, संयुक्त व्यापार मंडल के प्रधान गौरव लीखा, भाजपा कार्यकर्ता गौरव वालिया, पार्षद पति अजय शर्मा, दीपेश रहेजा आदि मौजूद रहे।

**अभ्यास** विभागों ने दिखाया बेहतरीन समन्वय, सायरन सुनते ही कार्यालय से बाहर निकल आए कर्मचारी

# लघु सचिवालय में आगजनी से निपटने के लिए मॉक ड्रिल, दो कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला

फायर विभाग, गृहरक्षी विभाग, एसडीआरएफ तथा पुलिस विभाग ने निभाई खास भूमिका

हरिभूमि न्यूज >> कुरुक्षेत्र



लघु सचिवालय के प्रथम तल पर आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर मंगलवार को सफल मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान आगजनी की घटना में फंसे दो कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच भी करवाई गई। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निर्देश पर आयोजित इस मॉक ड्रिल में उपायुक्त कार्यालय, फायर विभाग, गृहरक्षी विभाग, एसडीआरएफ तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक ड्रिल के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे अचानक सायरन बजाया गया। सायरन की आवाज सुनते ही सचिवालय में कार्यरत कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों से बाहर निकल आए। इसी दौरान प्रथम तल से धुआं निकलता दिखाई दिया, जिससे आग लगने की स्थिति का आभास कराया गया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया का पालन करते हुए सीढ़ियों के माध्यम से भवन से बाहर निकले।

### स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने सीढ़ियों की सहायता से प्रथम तल तक पहुंचकर आग पर काबू पाया और वहां फंसे दो कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लघु सचिवालय में आगजनी जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व सचिवालय के एनआईसी विभाग में आग लगने की घटना हुई थी। इसके अलावा रोहतक और लखनऊ सहित अन्य स्थानों पर भी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं से सबक लेते हुए सभी संस्थानों और नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि घरों, कार्यालयों और संस्थानों में आग से बचाव तथा आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक उपकरण और व्यवस्थाएं उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके। फायर अधिकारी संदीप ने बताया कि जिले में फायर विभाग के पास 20 दमकल वाहन तथा 104 कर्मचारियों का स्टाफ उपलब्ध है, जो सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे अलर्ट मोड पर कार्य करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आगजनी की किसी भी घटना की सूचना तुरंत फायर विभाग को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। मॉक ड्रिल के दौरान उपायुक्त कार्यालय, फायर विभाग, गृहरक्षी विभाग, एसडीआरएफ तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।

## संस्कारयुक्त शिक्षा ही विकसित भारत की नींव : उषा सैनी



**पानीपत।** हरियाणा राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की महासचिव उषा सैनी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अधिक अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निर्माण, चरित्र विकास और संस्कारों का संवर्धन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा अंकों और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होती जा रही है। जिससे नैतिक मूल्य, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं। ऊषा सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता, राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और मानवीय मूल्यों का विकास शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### एसआईआर डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाएं अधिकारी

**नारायणगढ़।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग तथा मुख्य चुनाव अधिकारीके निर्देशानुसार 3-नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का कार्य तेज गति से जारी है। इसी क्रम में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने सभी एईआरओ तथा चुनाव सुपरवाइजरों की बैठक में उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एईआरओ एवं चुनाव सुपरवाइजरों को गणना प्रपत्रों की जानकारी देते हुए बीएलओ एप पर गणना प्रपत्र भरने एवं डिजिटलीकरण की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।

### शालीमार पार्क में चलाया पौधरोपण अभियान

**नारायणगढ़।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा उपमंडलीय विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शालीमार सिटी स्थित ग्रीन चिल्ड्रंस पार्क में एक विधिक जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अंकुर पासी, पैनल अधिवक्ता एवं रविंद्र कुमार, पैरा लीगल वालंटियर द्वारा आयोजित किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को नालसा वीर परिवार सहायता योजना-2025, निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालतों, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा आम नागरिकों के विभिन्न विधिक अधिकारों एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

### आईटीआई में 30 जून तक जारी रहेगी आवेदन प्रक्रिया

**शहजादपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भारांपुर के प्रधानाचार्य सुल्तान सिंह ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 है। संस्थान में विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में कोपा, ड्रेस मेकिंग, पलंबर, वेल्डर, शीट मेटल वर्कर, वुड वर्क टेक्निशियन, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग टेक्निशियन, वायरमैन, व पेंटर जनरल जैसे लोकप्रिय ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं।

### पानी बचाव पर फतेहगढ़ में जागरूकता अभियान

**शहजादपुर।** जल संरक्षण एवं भूजल स्तर को बचाने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ब्लॉक के गांव फतेहगढ़ में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को घटते हुए भूजल स्तर, स्वच्छ पेयजल के महत्व तथा पानी के सदुपयोग के प्रति जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि यदि पानी के बहाव को नियंत्रित नहीं किया गया तो प्रतिदिन हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह सकता है। साथ ही दूषित पानी से फैलने वाली बीमारियों, विशेषकर डायरिया की रोकथाम के प्रति सावधानी बरतने का आह्वान किया गया।

## जांच के दौरान नाले व नालियों की परोपर सफाई के दिए आदेश

# गोकलगढ़ में एसडीएम ने किया निर्माणाधीन बांध का मुआयना

एसडीएम बोले, बरसाती सीजन में ग्रामीणों को बाढ़ संबंधी परेशानियों से बचाव के लिए अधिकारी समय रहते करें बचाव के पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




बराड़ा। बाढ़ बचाव कार्य का जायजा लेते हुए एसडीएम फोटो : हरिभूमि

बरसाती सीजन को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव टंगेल, गोला गोली, तंदवाल और गोकलगढ़ का दौरा कर बाढ़ सुरक्षा एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने गांव गोकलगढ़ में निर्माणाधीन बांध का निरीक्षण किया और कहा कि मानसून के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने पुलियों, पुलों और बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की तथा नालों और जल निकासी मार्गों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने कुछ स्थानों पर बरसात के समय जलभराव होने और खेतों में पानी घुसने की शिकायतें रखीं। इस पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर मिट्टी कटाव या तटबंध कमजोर होने की आशंका है, वहां अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाएं। एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर निगरानी व्यवस्था भी मजबूत की जा रही है, ताकि भारी वर्षा की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और मानसून के दौरान सुचारु व्यवस्थाएं बनाए रखना है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

# तीन सदस्यीय कमेटी करेगी डेस्क इंचार्ज की शैक्षिक योग्यता की जांच

- विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने परिवादी की शिकायत पर कमेटी को दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला





सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में रिसेप्शनिस्ट एवं डेस्क इंचार्ज के पद पर कार्यरत खुशी राम शर्मा की शैक्षिक योग्यता की जांच होगी। इसके लिए विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग की ओर से एक तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी एओ ऑडिट पवन कुमार, अधीक्षक सुनीता कुमारी व दीपिका शर्मा शामिल हैं। असल में अंबाला शहर के सेक्टर 7 के रहने वाले नीरज चोपड़ा ने विभाग के महानिदेशक एक शिकायत भेजकर रिसेप्शनिस्ट एवं डेस्क इंचार्ज खुशी राम शर्मा की शैक्षिक योगयता पर सवाल उठाए थे। चोपड़ा ने शिकायत में बताया कि खुशीराम शर्मा हरियाण भवन नई दिल्ली में अनुबंध के आधार पर 7 अगस्त 2015 से विभाग में बतौर रिसेप्शनिस्ट एवं डेस्क इंचार्ज नौकरी कर रहा है। नौकरी के लिए शैक्षिक योग्यता ग्रेजूएशन के साथ तीन साल का अनुभव सर्टिफिकेट जरुरी है। खुशी राम ने अपने बॉयोडाटा में चार साल के अनुभव प्रमाण पत्र का जिक्र किया हुआ है। चोपड़ा ने शिकायत में बताया कि जब 2020 में विभाग की ओर से खुशीराम की फाइल को चेक किया गया तो उसमें से अनुभव प्रमाण पत्र गायब मिला। इसके बाद चंडीगढ़ मुख्यालय की ओर से विभाग के दिल्ली ऑफिस को एक पत्र भेजकर खुशी राम शर्मा का अनुभव प्रमाण पत्र भिजवाने के आदेश दिए गए। 7 जुलाई 2020 को दिल्ली ऑफिस की ओर से मुख्यालय को जवाब भेजा गया कि उनके पास खुशी राम का अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। इसके बाद 26 जून 2020 व 7 अक्तूबर 2020 को विभाग की ओर से दो बार खुशी राम को पत्र भेजकर अपना अनुभव प्रमाण पत्र जमा करवाने के आदेश दिए गए। परंतु अभी तक विभाग के पास खुशी राम का अनुभव प्रमाण पत्र नहीं पहुंचा। चोपड़ा का आरोप है कि विभाग के कुछ कर्मियों की मिलीभगत के कारण खुशी राम अभी तक कार्रवाई से बच रहा है। उसने विभागीय अधिकारियों के किसी आदेश की पालना नहीं की। इसी वजह से अब विभाग के महानिदेशक की ओर से पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है।

### कुत्ते पालने वाली महिला पर केस, बच्चे पर कुत्तों ने किया था हमला

**अंबाला।** राजा पार्क में 11 जून को गली में खेलते समय कुत्तों के हमले में घायल 7 साल वर्षीय बच्चे मामले में महेश नगर पुलिस ने महिला प्रेरणा अरोड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह केस 10 दिन बाद पीड़ित परिवार ने दर्ज करवाई है। घायल बच्चे के पिता राजा पार्क के आशीष जौहर ने आरोप लगाया था कि 11 जून 2026 की शाम करीब 7:30 बजे उनका 7 साल का बेटा अयान जौहर घर के बाहर गली में खेल रहा था। खेलते-खेलते जब वह गली में थोड़ी दूर पहुंचा था तभी रानी बाग की प्रेरणा अरोड़ा अपने साथ 5 से 6 कुत्तों को लेकर अपने घर की तरफ आ रही थी। आरोप है कि महिला ने उन कुत्तों को लापरवाही से खुला छोड़ रखा था और मासूम अयान को देखकर उन्हें उकसा दिया। उकसाने के कारण उन कुत्तों में से एक ने अयान पर हमला कर दिया और उसकी टांग पर बुरी तरह काट लिया। अयान के चीखने-चिल्लाने के बावजूद आरोपी महिला ने न तो कुत्तों को पीछे हटाया और न ही बच्चे को बचाने में कोई मदद की। वह थोड़ी दूर रुककर तमाशा देखती रही और फिर चुपचाप अपने सभी कुत्तों को समेटकर अपने घर के अंदर चली गई। जख्मी बच्चे को चिकित्सकों ने उपचार के दौरान टांके लगाए थे। पीड़ित ने कुत्तों को गली से हटवाने की भी मांग की है। फिलहाल पुलिस जल्द ही मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# बुजुर्ग से लूटपाट करने वाला ऑटो चालक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला।

थाना सदर पुलिस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ लूटपाट करने और उन्हें सुनसान जगह पर धक्का देकर फरार होने वाले आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल ऑटो और लूटी गई नकदी बरामद कर ली है। शिकायत के अनुसार 18 जून 2026 को पीड़ित बुजुर्ग सुरेश कुमार ने मनाली हाउस जाने के लिए अग्रसेन चौक से एक ऑटो किराए पर लिया था। आरोपी ऑटो चालक उन्हें गंतव्य पर ले जाने के बजाय थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत रूपो माजरा नहर के पास एक सूनसान जगह पर ले गया। यहां आरोपी ने बुजुर्ग के साथ जबरदस्ती करते हुए उनसे पैसे छीन लिए और उन्हें ऑटो से नीचे धक्का देकर मौके से फरार हो गया। 22 जून 2026 को पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तुरंत तफ्तीश शुरू की। महज कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को दबोच लिया। आरोपी की पहचान भूरा सिंह वासी सिंघा वाला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटी गई राशि बरामद कर ली है।

# गैंगस्टर वैकेंट ने बनवाया था गुरुग्राम के फर्जी पते पर पासपोर्ट, मदद करने वाला आरोपी काबू

- रिमांड के दौरान खुलासा, फर्जी पासपोर्ट के जरिए आरोपी नई दिल्ली से हुआ था विदेश फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बसपा नेता हरबिलास हत्याकांड के मुख्य आरोपी व जॉर्जिया से डिपोर्ट कर लाए गए इनामी बदमाश वेंकट गर्ग से रिमांड के दौरन फर्जी पासपोर्ट का खुलासा कर दिया है। अब जांच टीम ने मामले में संलिप्त यमुनानगर के राकेश को काबू किया है। राकेश ने वेंकट गर्ग का फर्जी पासपोर्ट बनवाने में मदद की थी। वेंकट जॉर्जिया भागने से पहले राकेश के संपर्क में था। एसटीएफ की जांच में सामने आया था कि वेंकट गर्ग 10 दिसंबर 2024 को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से फर्जी पासपोर्ट के सहारे संयुक्त अरब अमीरात फरर हुआ था। इसके बाद 26 जनवरी 2025 को वह जॉर्जिया पहुंच गया था। वेंकट ने ही हरबिलास हत्याकांड का पूरा खेल रचा था। जांच के दौरान पुलिस के समक्ष आरोपी ने कई चौकाने वाले खुलासे किए हैं। जॉर्जिया से ही वैकेंट अपने गैंग को ऑपरेट कर रहा था। उसने वहां से बैठकर कई वारदातों को अंजाम दिया है।

### पुलिस टीम निरंतर कर रही पूछताछ

जांच में सामने आया था कि वेंकट गर्ग ने गुरुग्राम के सेक्टर-67 स्थित पिरामिड अर्बन होम्स का फर्जी पता देकर पासपोर्ट हासिल किया था। इस धोखाधड़ी को लेकर नारायणगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद एसटीएफ की सिफारिश पर 4 फरवरी 2025 को उसका पासपोर्ट रद्द कर दिया गया था। अदालत से 6 ओपन-डेटेड अरेस्ट वारंट हासिल करने के साथ ही उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर और इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया गया। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से इनपुट मिलते ही जॉर्जिया में उसकी मौजूदगी का पता चला और तुरंत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जॉर्जिया से डिपोर्ट होने के बाद अब गैंगस्टर वैकेंट से जांच टीम ने निरंतर पूछताछ कर रही है।



### वायु, जल, मिट्टी और ध्वनि में हानिकारक तत्वों की बढ़ती मात्रा बनी प्रदूषण का कारण : अनुज

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में इको क्लब के तत्वावधान में सात दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन की शुरुआत इको क्लब प्रभारी अनुज कुमार ने विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज कराते हुए की तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वायु, जल, मिट्टी और ध्वनि में हानिकारक तत्वों की बढ़ती मात्रा पर्यावरण प्रदूषण का कारण बन रही है, जिसका दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पशु-पक्षियों और वनस्पतियों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण, प्लास्टिक के कम उपयोग, कचरे के उचित प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग तथा जल और बिजली की बचत पर बल दिया। कैंप के दौरान भारत सरकार की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

### बीएफए व बीएफए प्रवेश परीक्षा में 647 अभ्यर्थी शामिल



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित बीएफए एवं बीएफए (ड्राइंग) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 1136 अभ्यर्थियों को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आवंटित किया गया था, जिनमें से 647 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 479 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि बीएफए पाठ्यक्रम के लिए तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर कुल 568 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 339 ने परीक्षा दी तथा 229 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं बीएफए (ड्राइंग) प्रवेश परीक्षा के लिए दो केंद्रों पर कुल 568 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था। इनमें से 308 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 250 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुचारु एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुई तथा अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

### उर्दू भाषा के अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कला एवं भाषा संकाय द्वारा उर्दू भाषा के संरक्षण, संवर्धन और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्टिफिकेट कोर्स इन उर्दू तथा डिप्लोमा इन उर्दू के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ये दोनों पाठ्यक्रम सायंकालीन (इवनिंग) कक्षाओं के रूप में संचालित किए जाएंगे, जिससे नियमित अध्ययन या नौकरी करने वाले विद्यार्थी भी आसानी से इनमें प्रवेश ले सकेंगे। कला एवं भाषा संकाय की डीन प्रो. सुनीता सिरोहा ने बताया कि उर्दू सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का दसवीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उर्दू डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का उर्दू सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम अथवा समकक्ष योग्यता उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से उर्दू भाषा, साहित्य, लेखन, अनुवाद तथा संचार कौशल का विकास किया जाता है। पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत शिक्षा, पत्रकारिता, अनुवाद, प्रकाशन एवं डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रवेश के लिए सीटें सीमित हैं। सर्टिफिकेट कोर्स में 20 तथा डिप्लोमा कोर्स में 10 सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 28 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जिंदल हाउस में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सैनी का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सैनी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस ने सांसद नवीन जिन्दल की ओर से रमेश सैनी का फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सैनी और साथ आए राज कुमार सैनी पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी को तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का भी पोस्टर जारी किया।



### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान व बलिदान को राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता : प्रिंस मंगला

**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी के पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला के कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकतार्ओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला एवं बाखली मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह इस्हाक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पुरोहित, जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य सतीश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामधारी शर्मा सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रिंस मंगला ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का त्याग और बलिदान भारतीय राजनीति के इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। वहीं सुखबीर सिंह इस्हाक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवादी चिंतन और जनसेवा का मार्ग आज भी भाजपा कार्यकतार्ओं के लिए प्रेरणास्रोत है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी कार्यकतार्ओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

### एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जनता को जागरूक कर रहे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता : सतनाम विर्क

**पिहोवा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता सरदार सतनाम सिंह विर्क ने कहा कि प्रदेश में चल रही एस.आई.आर. प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जनता को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित और सही रूप से दर्ज हो सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की पारदर्शिता और शुद्धता बेहद आवश्यक है। सतनाम सिंह विर्क ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव-गांव और वार्ड स्तर पर लोगों को एस.आई.आर. प्रक्रिया की जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने वोट से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## श्री सनातन धर्म मंदिर में सात दिनों से चल रही भागवत कथा का समापन

# भगवान के नाम का कीर्तन ही मोक्ष का सरल साधन : गिरी

श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला ज्ञान का स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कथा में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

श्री सनातन धर्म मंदिर, मथुरा नगरी में सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में हुआ। कथा के अंतिम सत्र में कथा व्यास डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि ने सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, नव योगेश्वर संवाद, कलिधर्म तथा श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण के महत्व का विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया। कथा व्यास स्वामी अनुभवानंद गिरि ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता, निष्काम प्रेम और भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा का सर्वोत्तम उदाहरण सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता में देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि निर्धनता के बावजूद सुदामा ने कभी अपने आत्म सम्मान और भगवान के प्रति विश्वास को नहीं छोड़ा। जब वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे तो भगवान ने स्वयं दौड़कर उनका स्वागत किया और उनके चरण धोकर संसार को यह संदेश दिया कि ईश्वर के लिए भक्त का प्रेम और भाव ही सबसे बड़ा धन है। द्वारिका लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने राजधर्म, लोककल्याण और आदर्श शासन की स्थापना कर मानवता को जीवन जीने की श्रेष्ठ दिशा प्रदान की। उन्होंने बताया कि भगवान का प्रत्येक कार्य लोकमंगल की भावना से प्रेरित था तथा उनकी लीलाएं आज भी समाज को सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

### जीवन का वास्तविक उद्देश्य परमात्मा की प्राप्ति

कथा के दौरान नव योगेश्वर संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मकल्याण और परमात्मा की प्राप्ति है। नव योगेश्वरों ने राजा निमि को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के माध्यम से जीवन को सफल बनाने का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य यदि सत्संग, सदाचार और भगवान के नाम का स्मरण करता रहे तो वह सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर आत्मिक शांति प्राप्त कर सकता है। गिरि ने कहा कि वर्तमान युग में भगवान के नाम का कीर्तन, सत्संग और भक्ति ही मोक्ष का सबसे सरल साधन है। उन्होंने कहा कि कलियुग में अनेक प्रकार के विकार और भ्रम मनुष्य को धर्म से दूर करने का प्रयास करते हैं, लेकिन जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान का स्मरण करता है, वह जीवन की कठिनाइयों को सहजता से पार कर सकता है।